



नवभारत
भोपाल, रविवार 21 दिसंबर, 2025


# सेवन में गांजे के पौधों की खेती

## आरोपी के पास से 74 किलो पौधे जप्त, कुल कीमत साढ़े सात लाख, वैध लायसेंस नहीं मिला

नवभारत न्यूज

**सागर 20 दिसंबर. जिले के जैसीनगर थाना अंतर्गत ग्राम सेवन में मुख्य मार्ग के किनारे ट्रांसफार्मर से सटकर बनाए बाड़े में अवैध रुप से गांजे के पौधों की खेती करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है. उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है.**

थाना जैसीनगर में पदस्थ थाना प्रभारी उप निरीक्षक हमराह स्टाफ के साथ आरोपियों की तलाश में अधिकृत शासकीय वाहन से ताजपुर की ओर रवाना हुए थे. इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सेवन में मेन रोड के पास ट्रांसफार्मर के बगल बने बाड़े में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से गांजे के पौधों की खेती की जा रही है.



पुलिस के अनुसार ग्राम सेवन में मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश के दौरान एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया. पूछताछ में उसने अपना नाम रविन्द्र पिता श्रीसिंह ठाकुर, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम सेवन, थाना जैसीनगर बताया. आरोपी को धारा 50 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत विधिवत नोटिस देकर सहमति प्राप्त की गई तथा स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में तलाशी ली गई.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तलाशी के दौरान बाड़े से छोटे-बड़े कुल 63 हरे, गीले गांजे के पौधे बरामद किए गए. पौधों की पहचान पत्ती मसलकर, सूंघकर एवं जलाकर, प्रशिक्षण व अनुभव के आधार पर गांजा होना प्रमाणित किया गया. बरामद गांजे को विधिवत उखाड़कर 5 प्लास्टिक बोरियों में पैक कर सीलबंद किया गया, जिसमें 10 पौधे - 19.485 किग्रा, 08 पौधे - 24.655 किग्रा, 15 पौधे - 11.330 किग्रा, 15 पौधे - 10.555 किग्रा, 15 पौधे 08.255 किग्रा कुल वजन लगभग 74 किलो 280 ग्राम अनुमानित कीमत 7,40,000 बताई गई है. आरोपी से गांजे की खेती के संबंध में वैध लाइसेंस के बारे में पूछताछ की गई, जो उसके पास नहीं पाया गया. एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया.

## होटल से शराब बरामद

**सागर.** बहेरिया थाना प्रभारी उप निरीक्षक (परि.) प्रतिमा जैन के नेतृत्व में थाना बहेरिया पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बहेरिया गदगद में इंजीनियरिंग कॉलेज गेट के सामने स्थित एक निजी होटल में पैदल पेट्रोलिंग के दौरान रेड की गई. कार्रवाई के दौरान मौके से करीब 36.81 लीटर ब्रांडेड अंग्रेजी एवं देशी अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 46,440 रुपये बताई गई है. रेड के समय होटल में अवैध रूप से शराब विक्रय करते हुए दो आरोपी अभिषेक पटैल निवासी लक्ष्मीनगर, थाना बहेरिया, मुकेश सोनी, निवासी इतवारी थाना मोतीनगर, को पकड़ा है.

पुलिस के अनुसार आरोपियों के विरुद्ध थाना बहेरिया में अपराध क्रमांक 365/2025 के तहत धारा 34(1) आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है.

# सुरखी के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

## 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र भेंट, स्कूटी वितरित

नवभारत न्यूज

**सागर 20 दिसंबर. सुरखी विस के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह महाकवि पद्माकर सभागार में संपन्न हुआ.**

समारोह में शैक्षणिक सत्र के दौरान 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान प्रदान करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र की प्रगति की सबसे मजबूत नींव है, विद्या से बढ़कर कोई धन नहीं. विद्वान सर्वत्र पूजा जाता है. हमारे प्रदेश-देश के विद्वानों का सम्मान देश के बाहर सात समंदर पार भी होता है. मंच पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र सहित एक-एक हजार




इस अवसर पर सुरखी विधानसभा क्षेत्र में 37 विद्यालय संचालित हैं, जिनमें 25 हाईस्कूल एवं 12 हायर सेकेंडरी विद्यालय शामिल हैं. सरकार द्वारा विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से 335 विद्यार्थियों को लैपटॉप तथा 22 विद्यार्थियों को स्कूटी वितरित की गई हैं. कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों को 2028 नि:शुल्क साइकिलों का वितरण कर शिक्षा को सुलभ बनाया गया. विद्यालयों के अधोसंरचना विकास के अंतर्गत 7 अतिरिक्त कक्षों को प्रयोगशालाओं के लिए स्वीकृति प्रदान की गई. इनमें शासकीय कन्या उमावि राहतगढ़ एवं मीरखेड़ी में लगभग 19.86 लाख रुपये तथा शासकीय हाईस्कूल गुरैया एवं भीष्मनगर में 18.55 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ. इसके अतिरिक्त 22 विद्यालयों के अनुरक्षण हेतु 70.18 लाख रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई है. समारोह में श्याम तिवारी, डॉ. सुखदेव मिश्रा, डॉ. वीरेंद्र पाठक, शैलेंद्र श्रीवास्तव, साहब सिंह, धीरज सिंह औरिया मौजूद थे.

रूपये की राशि सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन हेतु प्रदान किये. मंत्री श्री राजपूत ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओ को स्कूटी वितरण की.

## एक नजर में



### प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन के आमंत्रण पत्र वितरित

**सागर.** रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में 31 जनवरी से 6 फरवरी तक आयोजित श्रीराम कथा एंव नवनिर्मित श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन के आमंत्रण पत्र वितरित करने के उद्देश्य से युवा नेता अविराज सिंह ने बाघराज बार्ड स्थित सनराइज मेगासिटी कालोनी एवं गिरधारी पुरम पहुंचे. श्री सिंह ने सनराइज मेगा सिटी पहुंच कर सबसे पहले मंदिर में भगवान श्री राम जानकी मंदिर, बासुकीनाथ महादेव मंदिर गिरधारी पुरम के दर्शन कर उनके चरणों में आमंत्रण पत्रिका अर्पित की और आयोजन की सफलता के लिए आशीर्वाद मांगा. आवासीय कालोनियों के रहवासियों के घरों में पहुंच कर आमंत्रण पत्रिका भेंट किए. इस दौरान राजकुमार पटेल, अजय तिवारी, अतुल नेमा, उमेश यादव, राजीव सोनी, सूर्यांश तिवारी, जितेन्द्र ठाकुर, सुशील पांडे, रतिराम सिलावट, अभिषेक उपाध्याय, अशोक मारको, विशाल जैन, डॉ. अंशुल गुप्ता, नितिन मिश्रा मौजूद थे.



### 25 वर्ष बाद कॉलोनी को मिली पक्की सड़क

**सागर.** मधुकरशाह वार्ड अंतर्गत कृष्णविहार कॉलोनी में सरस्वती कोचिंग के पास स्थित लगभग 25 वर्ष बाद पक्की सड़क का निर्माण कार्य भूमिपूजन के साथ प्रारंभ किया गया. सड़क निर्माण कार्य नगर निगम निधि से महापौर श्रीमती संगीता तिवारी की अनुशंसा पर शुरू कराया गया. जिसका भूमिपूजन पार्षद श्रीमती रिचा सिंह द्वारा किया गया. पार्षद श्रीमती सिंह ने कहा कि पार्षद बनने के बाद उनकी पहली प्राथमिकता इस सड़क का निर्माण कराना था. स्थानीय नागरिकों के सहयोग और नगर निगम के समर्थन से सीसी सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो सका है.



### संजय को मिली ब्लॉक कांग्रेस की जिम्मेदारी

**रहली.** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद पर संजय पटैरिया की नियुक्ति के बाद कार्यकर्ताओ द्वारा स्वागत रैली का आयोजन किया गया. जो चांदपुर तिराहा से गांधी चौक तक निकाली गई. रैली के दौरान संविधान और लोकतंत्र के मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया. श्री पटेरिया इससे पूर्व जिला एवं प्रदेश में कांग्रेस सेवा दल के जिला और प्रदेश में अनेक पदों पर कार्य कर चुके हैं. इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य ज्योति पटेल, पूर्व नपा अध्यक्ष सौरभ हजारी, एड. बी.डी. पटेल, बिहारी कुशवाहा, मनोरथ गर्ग, अनूप ददरिया, रत्नेश कुशवाहा, दीपक जैन, पर्वत लोधी, इसरार खान, प्रकाश गुप्ता, हाकम सिंह ठाकुर उपस्थित रहे.




### पशुपालकों का सर्वे एवं निरीक्षण

**सागर.** मध्यप्रदेश पशुपालन विभाग द्वारा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण 30 दिसंबरतक संचालित किया जा रहा है. ग्राम बम्होरी बीका में पशुपालकों के सर्वे कार्य का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान एसडीएम अमन मिश्रा, विकासखंड सागर तथा उपसंचालक एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. मनीष श्रीवास्तव उपस्थित रहे. अधिकारियों द्वारा ग्राम बम्होरी बीका निवासी पशुपालक दीपेंद्र राजपूत के यहां किए जा रहे सर्वे कार्य का अवलोकन किया गया.

# गौरव और गरिमा की प्रतीक है

नवभारत न्यूज

**गौरझामर 20 दिसंबर. मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने कहा कि नारी गौरव और गरिमा की प्रतीक है. मुनिश्री ने देवरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टडा मे सायंकालीन शंका समाधान मे श्रृद्धालुओ के सवाल के जवाब मे कहा.**

शंका समाधान मे नीतू जैन ने मुनिश्री से प्रश्न किया कि माता पिता के घर मे लड़की को पराये घर जाना है कहा जाता है और ससुराल मे कहा जाता है कि पराये घर से आई है. मुनिश्री ने कहा जब तक लड़की माता पिता के घर मे रहती है पराये घर जाने के चक्कर मे अधिक देखभाल होती है तो वही ससुराल मे भी लड़की पराये घर से आने के कारण ज्यादा पूछ-परख होती है. टड़ा की सरपंच रश्मि ठाकुर ने मुनिश्री से धर्म क्या है के बारे मे जानना चाहा, जिसके जबाव मे मुनिश्री ने कहा कि आपके जन प्रतिनिधि होने के नाते अधर्म से बचना ही धर्म है. संजय जैन टड़ा ने ग्राम मे मुनि संघ के सानिध्य मे सिद्धचक्र महामंडल विधान के आयोजन के लिए निवेदन किया. मुनिश्री के प्रात:कालीन प्रवचन आज शनिवार को टड़ा में ही संपन्न हुए.

# स्वदेशी संकल्प रथयात्रा का आगमन

नवभारत न्यूज

**सागर 20 दिसंबर. स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा शताब्दी वर्ष पूर्ण कर चुके स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ताराचंद जैन ने भगवा ध्वज दिखाकर रैली को भाजपा अध्यक्ष श्याम तिवारी एवं नपा अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार की उपस्थिति में रवाना किया.**

यात्रा को रैली के रूप में निकाला गया जो तीनबत्ती से प्रारंभ की गई. स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र जैन ने किया. मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने सभी से स्वदेशी वस्तुएं उपयोग करने का संकल्प दिलाया.



द्वितीय सभा में मुख्य अतिथि मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने स्वदेशी संकल्प रथ पर बैठकर यात्रा का अवलोकन किया. रैली का समापन विधायक शैलेन्द्र जैन द्वारा किया गया. विधायक श्री जैन का रथयात्रा के प्रभारी विजय भूषण वर्मा, टिंबर एसोसिएशन के पदाधिकारियों, कैट के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया. कार्यक्रम में संजय अग्रवाल, अजित सोमानी, शैलेश अग्रवाल, विजय जैन, सुधीर जैन, विनोद जैन, विवेकानंद दीक्षित, विक्रम जैन, सचिन सोंधिया, मुनु भाई गुजराती, अमित अग्रवाल, रजत जैन, विकास मोदी, सौरभ जैन, पंकज तिवारी, अभिषेक जैन, कैलाश मेहता, सौरभ सिंघल एवं जिला सह संयोजक रमेश चंद्र जैन मौजूद रहे.

## किशोरी लापता

**ललितपुर.** सिटी के मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है. बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर से पानी की टिक्की लेने गयी हुयी थी, जिसके बाद से वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी. जिस पर परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसकी पुत्री का कोई पता नहीं चला. पीड़ित ने बताया कि उसने घर में देखा तो उसकी पुत्री का स्कूल बैग, एक की-पैड मोबाइल मिला, जिसमें सिम नहीं थी, उक्त मोबाइल में अज्ञात व्यक्ति का मोबाइल नम्बर डायल था. उक्त नम्बर पर सम्पर्क करने का प्रयास किया.

# नुक्कड़ नाटक से कुरीतियों का विरोध किया

नवभारत न्यूज

**रहली 20 दिसंबर. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्र इकाई के संयुक्त तत्वाधान में कैंप का आयोजन किया गया.**

क्रीड़ा अधिकारी हरिश्चंद्र चौरसिया ने सभी के लिए योग प्राणायाम अभ्यास कराया. स्वयं सेवकों ने गांव में सर्वे हेतु गए. गांव के बीच नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन और रैली का आयोजन किया गया. उन्होंने समाज में व्याप्त बाल श्रम बाल विवाह जैसी सामाजिक प्रथाओं पर निषेध अभियान चलाया तथा पर्यावरण



संरक्षण जागरूकता मतदान जागरूकता अभियान किया. प्रभारी प्राचार्य रासेयो छात्रा इकाई प्रभारी सुषमा चौरसिया ने सभी के लिए शुभकामनाएं दी. समनापुर कलां की सरपंच ने स्वयंसेवकों का उत्साह वर्धन किया. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मेडिकल ऑफिसर शिखा भील ने यौन उत्पीड़न और मानसिक तनाव संबंधी विषय पर अपने सुझाव रखें. नेहा डेहरिया ने छात्र-छात्राओं के लिए निर्देश दिए. संचालन और निर्देशन राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई प्रभारी सत्यम दुबे ने किया.

## पाइप लाइन बिछाने के दौरान कनेक्शन कराएं

**सागर.** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने कहा है कि पुरानी पाइपलाईन के नल कनेक्शन एवं नये नल कनेक्शन पाईप लाईन बिछाने के कार्य के दौरान ही करवा लें और कनेक्शन में लगने वाली राशि की बचत करें. ननि द्वारा पेयजल अपव्यय को रोकने हेतु डायरेक्ट बूस्टिंग एवं फीडर पाईप लाईनों के कनेक्शनों को बंद किया जा रहा है. वर्तमान में भगवानगंज क्षेत्र, संत कबीर वार्ड एवं चंद्रशेखर वार्ड में भी पाईप लाईन बिछाने का कार्य प्रगति पर है, इसके बाद अन्य स्थानों पर भी पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जावेगा.

# कानून व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन



नवभारत न्यूज

**सागर 20 दिसंबर. युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिगड़ती कानून व्यवस्था व बढ़ते अपराधों के खिलाफ हल्ला बोलते हुये तीन बत्ती गौर मूर्ति स्थित जिला शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय के समक्ष एकत्रित होकर सिटी कोतवाली स्थित नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचे.**

कांग्रेस जनों ने पुलिस महानिदेशक के नाम 06 सूत्रीय ज्ञापन सीएसपी ललित कश्यप को सौंपा. इस दौरान सुरेन्द्र चौधरी, महेश जाटव, युकां जिलाध्यक्ष संदीप चौधरी, पूर्व विधायक सुनील जैन, अमित रामजी दुबे, पुरुषोत्तम मुन्ना चौबे, मुकुल पुरोहित आदि मौजूद थे. कार्यक्रम का संचालन रोहित वर्मा, आभार नुरुल हुसैन राजा ने व्यक्त किया.

# कंबल से ढंका मिला युवक का शव

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 20 दिसंबर. नाराहट अंतर्गत ग्राम बछराई के एक घर में युवक का शव पतले कम्बल से ढ़का हुआ मिला. मृतक के सिर पर गाड़ियों के टायर रखे पाये गये. सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया.**

संदिग्धावस्था में युवक के कमरे में मिले शव के बाद अब पुलिस घटना की जांच में जुट गयी है, घटना में हत्या का मामला प्रतीत हो रहा था, पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है. बताया जा रहा है कि दोस्तों के साथ हुयी पार्टी के बाद उसकी हत्या कर दी गयी. मृतक की पहचान दीपक प्रजापति के रूप में हुई है, जो बछराई गांव का निवासी था. उसे गांव के एक दोस्त के साथ घर की ओर जाते देखा गया था. जब दीपक के माता-पिता मुन्ना लाल और उनकी पत्नी दिल्ली से मजदूरी कर घर लौटे, तो उन्हें दीपक घर पर नहीं मिला. गांव वालों से पूछताछ के बाद वे अपने घर पहुंचे, जहां दीपक का शव पलंग पर पड़ा मिल. दीपक का शरीर चादर से ढका था और उसके चेहरे पर एक गाड़ी का टायर, एक बड़ा पत्थर और लकड़ी रखी हुई थी. नाराहट थानाध्यक्ष पारुल चंदेल और क्षेत्राधिकारी (सीओ) मौके पर पहुंच गए. परिजनों ने बताया कि दीपक माता-पिता के साथ दिल्ली में मजदूरी करता था और दस दिन पहले ही गांव आया था. जिस दोस्त पर हत्या का शक है, वह गांव में अकेला रहता है. प्रारंभिक आशंका है कि पार्टी के दौरान दोस्त ने गला दबाकर हत्या की है.

## ग्रीन फील्ड हाइवे में रहली को जोड़ा जाए

**रहली.** नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा भोपाल जबलपुर ग्रीन फील्ड हाइवे का डीपीआर तैयार किया जा रहा है. स्थानीय नागरिकों ने भोपाल जबलपुर ग्रीन फील्ड हाइवे का एलाइनमेंट रहली नगरीय सीमा क्षेत्र के आसपास से बनाए जाने की मांग की है. व्यापारिक संगठन वैश्य महासम्मेलन संगठन मंत्री विकास चौरसिया ने कहा कि रहली नगर लंबी दूरी के सड़क मार्ग से नहीं जुड़ा है, रात्रि 9 बजे के बाद यात्री बस सेवाएं नहीं है. रहली में सिक्स लेन, फोर लेन जैसा लंबी दूरी का ट्रैफिक नहीं होने से व्यापारियों को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है. मांग एवं आपूर्ति का बेलेंस बनाए रखने के लिए प्लांट या सुपर स्टाकिस्ट से गाड़ी का लोड सेट की डिमांड भेजनी पड़ती है जो कई बार अतिरिक्त स्टॉक की कैटेगरी में पहुंचती है.

# दो दिवसीय परिचय सम्मेलन प्रारंभ

## संजोग पत्रिका का विमोचन, 22 वर्षों से निरंतर सागर में आयोजित हो रहा सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**सागर 20 दिसंबर. संजोग समिति के सम्मेलन को पूरे देश और प्रदेश में लोग जानते हैं 22 वर्षों से यह कार्यक्रम लगातार हो रहा है. इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज के लोगों को जोड़ने का बड़ा कार्य संजोग समिति कर रही है और आपस में संबंध बन रहे हैं.**

यह बात पूर्व विधायक सुनील जैन ने संजोग समिति के 22 में सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर आदर्श गार्डन में कहीं. कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से सुरेश जैन, सर्वेश जैन, हितेश जैन जमुनिया पठारी ने किया. दीप प्रज्वलन भाजपा नेता नेवी जैन, नताशा जैन ने उद्घाटन, भाजपा नेता संदीप जैन देवरी, सरिता जैन ने किया. उदयचंद्र



परसोरिया ने विधि विधान से ध्वजारोहण कराया. विधायक शैलेंद्र जैन का संजोग समिति के सदस्यों ने सम्मान किया. कार्यक्रम में दो दर्जन से अधिक युवक युवतियों ने मंच पर परिचय दिया और कैसा वर वधू चाहिए. इस संबंध में अपने विचार रखें नौकरी पेशा लड़कों और लड़कियों ने जॉब को प्राथमिकता से चुनने की बात कही. कार्यक्रम में परिचय पुस्तिका का विमोचन भी किया गया. कार्यक्रम में मुकेश जैन ढाना, देवेंद्र जैन, संतोष बिलहरा, प्रकाश जैन दिनेश बिलहरा, चक्रेश सिंघई, मुकेश खमकुआं, रजनीश जैन डीसेंट, ऋषभ जैन, मुकेश मोदी, अजय लंबरदार, सचिन जैन, मनीष नायक आदि उपस्थित थे. संजोग समिति के अध्यक्ष राकेश जैन निश्चय ने बताया कि सम्मेलन के दूसरे दिन रविवार को 5000 से ज्यादा लोग उपस्थित रहेंगे.

# गौंड सभ्यता की परंपराएं भारतीय संस्कृति की जड़ों की व्याख्या

नवभारत न्यूज

**बीना 20 दिसंबर. उत्कृष्ट विद्यालय में मप्र संस्कृत विभाग द्वारा तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया. महोत्सव में गोंड सभ्यता के महानायकों के शौर्य, त्याग, परंपरा और गौरवपूर्ण इतिहास को नृत्य-नाटक शैली के माध्यम से प्रस्तुत किया गया.**

महोत्सव में प्रतापी गोंड राजा पेमल शाह की कथा पर आधारित नृत्य-नाट्य का मंचन किया गया, गोंड इतिहास के वीर नायक राजा हीरा खान सिंह के जीवन, शौर्य और जनसेवा को दर्शाती नृत्य-नाट्य प्रस्तुति दी गई. कलाकारों ने



वीरता के प्रसंगों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया. महोत्सव के कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान न्यायायिक मैजिस्ट्रेट शरद जोशी एवं मीनाक्षी शर्मा, एसडीएम विजय डेहरिया, सीएमओ राहुल कौरव, नपाध्यक्ष लता सकवार, जनपद अध्यक्ष उषा राय, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, नगर पालिका उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया, विजय हुरकट, एचडी गोस्वामी उपस्थित रहे.

कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने कहा कि गोंड सभ्यता की परंपराएं भारतीय संस्कृति की जड़ों की व्याख्या करती हैं. उन्होंने ऐसे आयोजनों को सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। नगर पालिका सीएमओ राहुल कौरव ने इसे गौरवशाली विरासत को पुनर्जीवित करने और जन-जन में सांस्कृतिक चेतना बढ़ाने की दिशा में शासन का एक ऐतिहासिक कदम बताया.


## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) प्राधिकृत अधिकारी खुरई जिला सागर

क्रमांक / 1537/2025 दिनांक 19.12.2025

//प्रारम्भिक प्रकाशन की सूचना//

मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) अधिनियम, 1984 के अंतर्गत आवासीय भूमि के पट्टे दिया जाना अंतर्गत नगर पालिका परिषद् खुरई में सर्वेक्षण दल द्वारा सर्वे कार्य उपरांत सर्वेक्षित हितग्राहियों की सूची आज दिनांक 19.12. 2025 को कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)/कार्यालय नगर पालिका परिषद एवं तहसील कार्यालय में सार्वजनिक रूप से जारी की गयी है। सर्वेक्षित सूची में शामिल हितग्राहियों अथवा अन्य लोगों के द्वारा इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खुरई के कार्यालय में दिनांक 31.12.2025 को सायं 05.00 बजे तक दावा/आपत्ति आमंत्रित की जाती है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
खुरई जिला सागर